**कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग विषय पर 6 दिवसीय स्किल एनहैंसमेंट कोर्स का आयोजन**

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पीएम उषा मद के अंतर्गत हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग विषय पर 6 दिवसीय स्किल एनहैंसमेंट कोर्स का पीएम उषा योजना के अंतर्गत आयोजन किया गया। कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के छात्रों के लिए, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सनत कुमार साहू, विभागाध्यक्ष , सह संयोजक श्री दिलीप कुमार साहू, आयोजन सचिव-श्रीमती लतिका ताम्रकार, संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. एम ए सिद्दीकी।पहले दिन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, पहले दिन अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया गया।

पहले दिन के वक्ता डॉ. प्रेम चंद्राकर द्वारा  कंप्यूटर सिस्टम कंपोनेंट्स फंडामेंटल विषय पर व्याख्यान दिया गया,दूसरे और तीसरे दिन के वक्ता श्री मेघराज सोनी विषय हार्डवेयर असेंबलिंग और ओएस इंस्टालेशन विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।चौथे दिन के वक्ता डॉ. धीरेंद्र पांडे द्वारा साइबर अपराध डेटा प्रबंधन के लिए एक चुनौती विषय पर अत्यंत महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया गया | 5 वे दिन श्री अजीत सिंह विषय हार्डवेयर और नेटवर्किंग पर छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया | छठे दिन के वक्ता डॉ. अनिल कुमार शर्मा द्वारा नेटवर्क सुरक्षा जैसे मतव्प्ना विषय पर विस्तृत चर्चा की गई एवं छात्रों से प्रशोनत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया तथा विजेता छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया | कार्यक्रम के अंतिम दिन समापन समारोह मे अतिथि वक्ताओ एवं प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किया जाता है।

इस कार्यक्रम मे विभाग के अतिथि व्याख्याताओं समीर कुमार, श्रीमती अर्चना पात्रा, दिव्या जायसवाल, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ ही लगभग 80 विद्यार्थी उपस्थित हुये। कार्यक्रम के अंत में विभाग के धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की आयोजन सचिव श्रीमती  लतिका ताम्रकार द्वारा किया गया।


GPS Map Camera
Google
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196436°
Long 81.296482°
13/01/24 12:35 PM GMT +05:30



GPS Map Camera
Google
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196594°
Long 81.296451°
13/01/24 12:35 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196554°
Long 81.296389°
13/01/24 12:34 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196577°
Long 81.296377°
13/01/24 03:05 PM GMT +05:30


Galaxy F54 5G


GPS Map Camera
Google
Durg, Chhattisgarh, India
01, Deepak Nagar, Durg, Bhilai, Chhattisgarh 491001, India
Lat 21.196577°
Long 81.296377°
13/01/24 03:05 PM GMT +05:30







# साइंस कॉलेज में हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग विषय पर स्किल एनहैंसमेंट कोर्स का आयोजन

## कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पीएम उषा मद के अंतर्गत हुआ कार्यक्रम



दुर्ग• शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा पीएम उषा मद के अंतर्गत हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग विषय पर 6 दिवसीय स्किल एनहैंसमेंट कोर्स आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के संरक्षक प्राचार्य डॉ. एम. ए. सिद्दीकी रहे। अतिथि वक्ताओं का स्वागत विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सनत कुमार साहू तथा परिचय सहसंयोजक दिलीप कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक द्वारा दिया गया।

प्रथम दिवस के वक्ता डॉ. प्रेम चंद्राकर सहायक-प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय रायपुर ने कम्प्यूटर सिस्टम कंपोनेंट्स एवं फंडामेंटल के विषय में महत्वपूर्ण एवं रोचक जानकारी विद्यार्थियों को दिए। द्वितीय एवं तृतीय दिवस महाविद्यालय के अतिथि मेघराज सोनी ने कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबलिंग और ऑपरेटिंग सिस्टम इंस्टालेशन (विण्डो और लीनेक्स) विषय पर सैद्धांतिक एवं प्रयोगिक प्रशिक्षण दिया। चतुर्थ दिवस डॉ. धीरेंद्र पांडे, सह-प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा साइबर अपराध डेटा प्रबंधन के लिए एक चुनौती पर सचेत करते हुए सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं इस विषय में रोजगार के विस्तृत जानकारी दिया गया। पांचवें दिन के वक्ता अजीत सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, आईआईटी, भिलाई द्वारा हार्डवेयर और नेटवर्किंग विषय पर महत्वपूर्ण रोचक जानकारी, सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण के साथ प्रदान किया गया। छठवें दिन के वक्ता डॉ. अनिल कुमार शर्मा, सहायक-प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी शासकीय महाविद्यालय, कवर्धा द्वारा नेटवर्क सुरक्षा के विषय पर जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों से विषय संबंधित प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रश्नों के सही जवाब देने पर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किए एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम के गुणवत्ता प्रकाश डालते हुए इस विषय को वर्तमान में रोजगारपरक बताते हुए सराहना की एवं विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम सचिव लतिका ताम्रकार, सहायक-प्राध्यापक (आईटी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मण देवांगन एवं मेघराज सोनी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य समीर कुमार, दिव्या जायसवाल, अर्चना पात्रा, राधिका साहू, अम्बे साहू उपस्थित रहे।